# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 22.08.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **छात्रों के मुद्दे पर राजनीति के मंच पर घमासान, भाजपा का राज्य सरकार पर छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का आरोप, झामुमो–कांग्रेस का पलटवार।**
- **रामगढ़ में विधानसभा की याचिका समिति की बैठक, विकास योजनाओं की समीक्षा, लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने और पारदर्शिता पर जोर।**
- **राज्य के सभी बूथों पर आज लगा विशेष शिविर, सीईओ ने इन्यूमरेशन फॉर्म और दस्तावेजों में मिली विसंगतियों की गहन जांच के दिये निर्देश।**
- **राज्य में हाल के दिनों की बारिश से वर्षा आंकड़ों में सुधार, कल पलामू समेत छह जिलों में भारी बारिश के आसार।**
- **बोकारो में राष्ट्रीय रैकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में कुव्यवस्था का आरोप, तीरंदाज दीपिका कुमारी ने राज्य सरकार पर उदासीनता का लगाया आरोप।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के तेज विकास के लिए सुधार प्रक्रिया की निरंतरता पर बल दिया है। एक समाचार चैनल के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इज ऑफ डूईंग बिजनेस और इज ऑफ लीविंग पर सरकार का फोकस है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज नीति के स्तर पर अगली पीढ़ी के सुधार, प्रशासन में परिवर्तन और जीवन को आसान बनाने के लिए बदलाव कर रहा है।

*******************

छात्रों के मुद्दे पर राजनीति के मंच पर गर्माहट दिख रही है। छात्रों पर रांची, हजारीबाग और गिरिडीह में कल पुलिस के बल प्रयोग की खबरों से आरोप–प्रत्यारोप तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत छात्रों ने पुतला दहन का कार्यक्रम रखा था।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने भी कल की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की झारखंड के छात्रों के मुद्दे पर दोहरी नीति पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है। श्री सेठ ने तीखा प्रहार करते हुए राहुल गांधी को मौका परस्त करार दिया। श्री सेठ ने राज्य सरकार को भी आड़े हाथों लिया।

*******************

इधर प्रदेश कांग्रेस ने छात्रों के मुद्दे पर कांग्रेस पर पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने आरोप लगाया कि भाजपा इस संवेदनशील मुद्दे पर केवल राजनीति कर रही है। श्री शाहदेव ने कहा कि विपक्ष युवाओं के भविष्य की चिंता करने की बजाय राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश में जुटा है।

*******************

झामुमो के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि राज्य सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिए कृतसंकल्पित है। श्री पांडेय ने भाजपा पर छात्रों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकर ने प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाये हैं।

*******************

रामगढ़ में आज विधानसभा की याचिका समिति की बैठक हुई। बैठक में विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने और पारदर्शिता पर जोर दिया गया। मौके पर समिति की सदस्य ममता कुमारी समेत विधानसभा के अधिकारी मौजूद थे।

*******************

राज्यभर के मतदान केन्द्रों में आज विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नये वोटरों के नाम जोड़े गये। इसके अलावा जिन परिवारों के नाम अलग–अलग बूथों पर हैं, उनसे भी आवेदन लिये गये, ताकि उनका नाम एक ही बूथ पर शामिल किया जा सके। आयोग की ओर से कल भी राज्य के सभी बूथों पर विशेष कैम्प आयोजित किया जाएगा।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने धनबाद, जामताड़ा और पाकुड़ के मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान इन्यूमरेशन फॉर्म और दस्तावेजों में मिली विसंगतियों की इआरओ/एईआरओ स्तर पर गहन जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने माता–पिता और उनके बच्चों से जुड़े मामलों की सुनवाई यथासंभव एक साथ करने तथा आयु, पारिवारिक संबंध और नागरिकता संबंधी दस्तावेजों का समग्र मिलान सुनिश्चित करने को कहा है।

******************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ और विधायक सबिता महतो ने आज सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल में नवनिर्मित पितकी रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण किया। इस ओवरब्रिज के चालू होने से चांडिल–पटमदा और बोकारो मार्ग पर लगने वाले लंबे ट्रैफिक जाम से लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। उद्घाटन के बाद इसे आम लोगों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है।

******************

राज्य के कई जिलों में कल और चौबीस अगस्त को भारी बारिश का पूर्वानुमान है। 26 अगस्त तक आंधी और वज्रपात की भी आशंका है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने बताया है कि कल पलामू, गढ़वा, चतरा, गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। 24 अगस्त को पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा और हजारीबाग में भारी बारिश के आसार हैं। इधर हाल के दिनों में हुई बारिश की वजह से वर्षा आंकड़ों में काफी सुधार हुआ है। एक जून से अब तक राज्य में औसतन 638 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से करीब 13 प्रतिशत कम है।

******************

बोकारो में चल रही दूसरी एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में देशभर के तीरंदाज अपना दमखम दिखा रहे हैं। हालांकि झारखंड की तीरंदाज दीपिका कुमारी राज्य के खिलाड़ियों के प्रदर्शन से निराश नजर आई। उन्होंने इसके लिए राज्य सरकार के उदासीन रवैये और बेहतर आधारभूत सुविधाओं की कमी को बड़ा कारण बताया है।

*******समाप्त*******